# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07 फरवरी, 2017 की बैठक के कार्यवृत्त

संस्थान की **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** की बैठक दिनांक **07 फरवरी, 2017** को **अपराह्न 12.30 बजे** प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य राजीव संगल, निदेशक | – | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) | – | उपाध्यक्ष |
| 3. | डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव | – | सदस्य |
| 4. | आचार्य धनंजय पांडेय, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) | – | सदस्य |
| 5. | आचार्य ए.के. मुखर्जी, अधिष्ठाता (छात्र कार्य) | – | सदस्य |
| 6. | आचार्य जी.वी.एस. शास्त्री, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) | – | सदस्य |
| 7. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | – | सदस्य |
| 8. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजिकी विभाग | – | सदस्य |
| 9. | डॉ. सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | – | सदस्य |
| 10. | श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) प्रथम | – | सदस्य |
| 11. | डा. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) द्वितीय | – | सदस्य |
| 12. | श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केन्द्रीय सचिवालय, हिन्दी परिषद, वाराणसी। | – | आमंत्रित सदस्य |
| 13. | श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (प्रशासन) प्रथम | – | सदस्य सचिव |

आचार्य पी.के. जैन, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) व श्रीमती स्वाति बिस्वास, उप कुलसचिव(लेखा) बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गयी।

**मद सं. 1 : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 अगस्त, 2016 के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

दिनांक 16 अगस्त, 2016 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2 : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 अगस्त, 2016 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 अगस्त, 2016 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 3 : संस्थान द्वारा निदेशक (राजभाषा), राजभाषा प्रभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित राजभाषा के प्रयोग से संबंधित पिछली हिन्दी तिमाही प्रगति आख्या पर चर्चा :**

समिति को सूचित किया गया कि संस्थान की राजभाषा के प्रयोग से संबंधित जुलाई से सितंबर, 20 एवं अक्टूबर से दिसंबर, 2016 तक की तिमाही प्रगति आख्या निदेशक (राजभाषा), राजभाषा प्रभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित की जा चुकी है। इस संबंध में समिति को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से दिसंबर, 2016 तक की प्रगति रिपोर्ट कुल 42 विभागों/स्कूलों/ अनुभागों में से 18 से प्राप्त हुई एवं शेष विभागों/स्कूलों/अनुभागों से प्राप्त नहीं हुई। उक्त के क्रम में निर्णय लिया गया कि समय–समय पर विभागों/स्कूलों/अनुभागों को इस संदर्भ में अनुस्मारक भेजा जाय।

**मद सं. 4 : पिछली बैठक के बाद राजभाषा में किये गये कार्य :**

समिति को पिछली बैठक के बाद राजभाषा में किये गये निम्न कार्यों से अवगत कराया गया–

**(क) राजभाषा प्रकोष्ठ की प्रस्तावित वेबसाइट :**

राजभाषा प्रकोष्ठ की प्रस्तावित वेबसाइट iitbhu.ac.in/rajbhasha/ को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**(ख)** समिति को अवगत कराया गया कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित प्रशासनिक शब्दावली संस्थान में उपलब्ध कराने हेतु अनुस्मारक प्रथम भेजा गया।

**(ग)** समिति को अवगत कराया गया कि कार्यालय में प्रयुक्त होने वाले शब्दों व वाक्यांशों में से किसी एक शब्द या वाक्यांश को प्रतिदिन प्रशासनिक इमारत के मुख्य प्रवेश भाग में स्थित व्हाइट बोर्ड (श्वेत पटल) पर लिखा जा रहा है।

**मद सं. 5 : राजभाषा अनुभाग की प्रस्तावित वेबसाइट पर चर्चा :**

समिति द्वारा राजभाषा अनुभाग की प्रस्तावित वेबसाइट पर चर्चा के उपरांत निम्न निर्णय लिए गए–

**(क)** संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ की प्रस्तावित वेबसाइट iitbhu.ac.in/rajbhasha/ पर उपस्थित सभी लिंको का समिति के सदस्यों द्वारा जांच के उपरांत प्रमोचन (लांच) हेतु निदेशक महोदय से अनुरोध किया जाय।

**(ख)** संस्थान की राजभाषा की प्रस्तावित वेबसाइट की चित्र वीथिका (फोटो गैलरी) में संस्थान में आयोजित हिन्दी से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के छायाचित्र शीर्षक सहित अपलोड किया जाय।

**मद सं 6 : संस्थान में राजभाषा के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा :**

समिति द्वारा संस्थान में राजभाषा के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा के उपरांत निम्न निर्णय लिए गए–

**(क)** कार्यालयी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को व्यावहारिक व सुगम बनाने हेतु कामकाज के दौरान अंग्रेजी भाषा के जटिल (क्लिष्ट) शब्दों को उसके मूल रूप में देवनागरी लिपि में प्रयोग किया जाय।

**(ख)** संस्थान में हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिये ऐसें अधिकारियों/कर्मचारियों को चिह्नित कर हिन्दी दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाय। संस्थान में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु समस्त विभागों/स्कूलों/अनुभागों को पत्र प्रेषित किया जाय।

3.

(ग) हिन्दी पखवाड़ा तथा हिन्दी से संबंधित अन्य अवसर के आयोजन के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी से जुड़े गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाय। साथ ही विज्ञानं व प्रौद्योगिकी से संबंधित व्याख्यान हिन्दी में देने हेतु समय–समय पर विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाय व इन व्याख्यानों को राजभाषा की प्रस्तावित वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाय।

(घ) हिन्दी भाषा के त्रुटि रहित शब्दों के प्रयोग हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

(च) संस्थान के विभागों/स्कूलों/अनुभागों से हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त न होने पर संबंधित विवरण प्रस्तुत करने एवं हिन्दी से जुड़े अन्य मुददों पर विचार–विमर्श हेतु समय–समय पर सम्पर्क/सहयोग के माध्यम से निरीक्षण किया जाय तथा निरीक्षण के उपरांत प्राप्त आंकड़ों का अभिलेख तैयार किया जाय।

(छ) संस्थान के वेबसाइट iitbhu.ac.in का हिन्दी रूपांतरण किया जाय, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों की सहभागिता भी ली जा सकती है तथा मशीनी अनुवाद की प्रणाली का भी उपयोग किया जा सकता है।

बैठक, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

(गंगेश शाह गोंडवाना)
सदस्य सचिव

(जगदीश नारायण राय)
आमंत्रित सदस्य

21/02/17
(सर्वेश कुमार तिवारी)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

(सत्यवीर सिंह)
सदस्य

(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)
सदस्य

(संजय कुमार पांडेय)
सदस्य

(जी.वी.एस. शास्त्री)
सदस्य

(ए.के. मुखर्जी)
सदस्य

(धनंजय पांडेय)
सदस्य

(शुभेन्दु प्रकाश माथुर)
सदस्य

(अनिल कुमार त्रिपाठी)
सदस्य

(राजीव संगल)
अध्यक्ष